
gradeup

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 08 - 14 फरवरी 2018



# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 8-14 फरवरी 2018

प्रिय पाठकों,
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **दुसरे सप्ताह (8-14)** फरवरी 2018 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. ऑनलाइन सर्च के लिए भारतीय बाजार में अनुचित व्यवसाय हेतु गूगल पर लगभग 136 करोड़ रुपये का जुर्माना किसने लगाया___ **भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सी.सी.आई)।**

   **नोट:**

   - यह आदेश, वर्ष 2012 में Matrimony.com और कंज्यूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसाइटी (सी.यू.टी.एस) द्वारा दाखिल शिकायतों के आधार पर जारी किया गया है।
   - गूगल पर यह आरोप लगाया गया था कि वह अन्य के बीच ऑनलाइन सर्च में अपनी मजबूत स्थिति की वजह से सर्च में पक्षपात एवं हेरफेर करता है।

2. वैश्विक बौद्धिक संपदा (आई.पी) सूचकांक में, भारत ने कितने देशों के बीच 44वां स्थान हासिल किया___ **50 देश।**

   **नोट:**

   - यू.एस चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा जारी किए गए इस सूचकांक में भारत 45 देशों के बीच 43वें स्थान पर था।
   - अमेरिका के बाद इस सूची में यूनाइटेड किंगडम और स्वीडन का स्थान है।

3. चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान केंद्र सरकार का प्रत्यक्ष कर संग्रह कितना हो गया है __ **6.95 लाख करोड़ रुपये।**

   **नोट:**

   - कॉरपोरेट आयकर (सी.आई.टी) के शुद्ध संग्रह में 19.2% की वृद्धि हुई और व्यक्तिगत आयकर (पी.आई.टी) में 18.6% की वृद्धि हुई।
   - शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वर्ष 2017-18 के 10 लाख 5 हजार करोड़ रुपए के संशोधित प्रत्यक्ष कर अनुमानों का लगभग 69% है।
   - चालू वित्त वर्ष की 10 महीने की अवधि के दौरान 1.26 लाख करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

4. इंडसिंड बैंक ने अपनी नई सॉनिक पहचान शुरू की है, उस संगीत लोगो का नाम क्या है__**MOGO।**

   **नोट:**

   - एक सॉनिक पहचान शुरु करने का उद्देश्य ब्रांड के अनुभवों और दर्शकों से संपर्क के लिए संगीत और ध्वनि के रणनीतिक उपयोग के साथ बैंक के ब्रांड को इमेजरी बनाना है।

5. भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) किस तारीख से एम.सी.एल.आर को आधार दर से लिंक करेगा___**1 अप्रैल।**

   **नोट:**

   - आर.बी.आई ने पाया है कि बैंक ऋण का एक बड़ा हिस्सा आधार दर से जुड़ा हुआ है।

- आर.बी.आई ने आधार दर को एम.सी.एल.आर से जोड़कर बेंचमार्क दरों का निर्धारण करने की पद्धति के अनुरूप होने का निर्णय लिया है क्योंकि यह पॉलिसी दर संकेतों के प्रति अधिक संवेदनशील है।

6. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार, निवेशकों ने गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स से किस माह में 110 करोड़ रुपये निकाले हैं___**जनवरी।**

**नोट:**

- चालू वित्त वर्ष के पहले 10 महीनों में कुल परिव्यय 679 करोड़ रुपये हो गया।
- गोल्ड फंड्स के प्रबंधन के तहत परिव्यय परिसंपत्तियां जनवरी में 15% घटकर 4,906 करोड़ रुपये हो गईं जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 5,670 करोड़ रुपये थीं।

7. किस बैंक ने वर्ष 2016-17 में 20,339 करोड़ रुपये का बुरा ऋण दर्ज किया था, जो इस वित्त वर्ष के लिए 81,683 करोड़ रुपये का कुल ऋण हो गया __**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- यह आंकड़े उस अवधि से संबंधित है जब भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई) के सहयोगी बैंकों का विलय नहीं किया गया था।

8. किस बैंक ने बैंक द्वारा कथित अनुपालन चूक की जांच के बीच मार्च के अंत में अपने दक्षिण अफ्रीका के कार्यों से बाहर निकलने का निर्णय लिया है___ **बैंक ऑफ बड़ौदा।**

## महत्वपूर्ण दिवस

1. राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है__**12 फरवरी।**

**नोट:**

- इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (National Productivity Council (NPC)) द्वारा समस्त प्रासंगिक विषयों के साथ उत्पादकता उपकरणों और तकनीकों के कार्यान्वयन में सभी हितधारकों को प्रोत्साहित करना है।
- राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह-2018 के विषय के रूप में 'इंडस्ट्री 4.0 लीपफ्रॉग ऑपर्च्यूनिटी फॉर इंडिया' (Industry 4.0 Leapfrog Opportunity for India) को चुना गया है।

2. विश्व रेडियो दिवस (डब्ल्यू.आर.डी) प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है__ **13 फरवरी।**

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय "रेडियो और खेल" (Radio and Sports) है।
- यह दिवस समुदायों को एक साथ लाने और परिवर्तन हेतु सकारात्मक वार्ता को प्रोत्साहित करने के लिए रेडियो के विशिष्ट महत्वों को सम्मानित करने के अवसर प्रदान करता है।

## नयी नियुक्तियाँ

1. किस कन्नड़ साहित्यकार को साहित्य अकादमी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है___**चंद्रशेखर कंबार।**

**नोट:**

- उन्होंने विश्वनाथ प्रसाद तिवारी (प्रसिद्ध हिंदी लेखक) की जगह ली।
- साहित्य अकादमी भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित संगठन है। यह दिल्ली के मंडी हाउस के पास रवींद्र भवन में है।

2. पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एन.जी.टी) के कार्यवाहक अध्यक्ष से सेवानिवृत्त न्यायाधीश__ **न्यायमूर्ति उमेश दत्तात्रेय साल्वी।**

**नोट:**

- राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एन.जी.टी) को "पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न" और "विशिष्ट गतिविधियों के कारण पर्यावरण हानि" (जैसे प्रदूषण) के मामलों पर मूल अधिकार प्राप्त है।

3. सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए पूंजी अधिग्रहण में तेजी लाने हेतु समिति____ **विनय शील ओबरॉय समिति।**

नोट:

- रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण हेतु पूंजी अधिग्रहण परियोजनाओं की निगरानी करने एवं इसमें तेजी लाने के लिए विनय शील ओबरॉय की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय सलाहकार समिति गठित की है।
- यह समिति एक स्वतंत्र समीक्षा करेगी और 500 करोड़ रूपए से अधिक की महत्वपूर्ण कार्यरत परियोजनाओं की स्थिति की जांच करेगी।

4. एस.बी.आई कार्ड के नए प्रबंध निदेशक (एम.डी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ)__ **हरदयाल प्रसाद।**

**नोट:**

- उन्होंने 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए विजय जसूजा का पदभार ग्रहण किया।
- वर्तमान में, एस.बी.आई कार्ड देश की दूसरी सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड (पहली एच.डी.एफ.सी बैंक) जारीकर्ता कंपनी है।
- एस.बी.आई कार्ड एंड पेमेंट्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (SBI Cards & Payments Services Pvt. Ltd. (SBICPSL)) भारत में भुगतान समाधान प्रदाता कंपनी है।

5. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई) द्वारा दो वर्ष के लिए नियुक्त गैर-कार्यकारी अध्यक्ष_ **बिश्वमोहन महापात्रा।**

**नोट:**

- वह बी. संबामूर्ति (अंतरिम अध्यक्ष) की जगह लेंगे।
- एन.पी.सी.आई, भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) और भारतीय बैंक एसोसिएशन (आई.बी.ए) के मार्गदर्शन और समर्थन में स्थापित भारत में सभी खुदरा भुगतान के लिए अंब्रैला ऑर्गनाइजेशन है।

6. मणिपुर उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ग्रहण की __ **न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी।**

**नोट:**

- मणिपुर की राज्यपाल डॉ. नजमा हेपतुल्ला ने इम्फाल के राजभवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई।
- न्यायमूर्ति अभिलाषा गुजरात उच्च न्यायालय की न्यायाधीश थीं।

7. आई.सी.सी की पहली स्वतंत्र महिला निदेशक किसे नियुक्त किया गया__ **इंद्रा नूई।**

**नोट:**

- पेप्सिको की अध्यक्ष एवं सी.ई.ओ 'इंद्रा नूई', आई.सी.सी के स्वतंत्र अध्यक्ष की अवधि के कार्यकाल के लिए इस वर्ष जून में बोर्ड में शामिल होंगी।
- नूई का जन्म भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी चेन्नई में एक तमिल भाषी परिवार में हुआ था।
- उन्होंने वर्ष 1974 में मद्रास विश्वविद्यालय के मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और वर्ष 1976 में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एम) कलकत्ता से स्नातकोत्तर (एम.बी.ए) डिग्री प्राप्त की थी।

8. केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ग्रहण की_ **न्यायमूर्ति एंथनी डोमिनिक।**

**नोट:**

- केरल के राज्यपाल पी. सदाशिवम ने उन्हें केरल के राजभवन में पद की शपथ दिलाई।
- न्यायमूर्ति डॉमिनिक 17 वर्षों में केरल के मुख्य न्यायाधीश का पद प्राप्त करने वाले केरल के पहले नागरिक हैं।

# महत्वपूर्ण समाचार – भारत

1. दुनिया का सबसे व्यस्त एकल रनवे वाला हवाई अड्डा ___ **छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा**
2. 'प्रधानमंत्री रिसर्च फेलो स्कीम' के तहत, प्रत्येक वर्ष बी.टेक और एम.टेक के कितने मेधावी छात्रों को फेलोशिप प्रदान की जाएगी____**1000।**

   **नोट:**

   - केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री रिसर्च फेलो स्कीम' के तहत, प्रत्येक वर्ष बी.टेक और एम.टेक के 1,000 मेधावी छात्रों को फेलोशिप प्रदान करेगी।
   - फेलोशिप की धनराशि 70 से 80 हजार रुपये प्रतिमाह होगी।
   - इसके अतिरिक्त, फेलोशिप प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र को रिसर्च अनुदान के रूप में पांच वर्ष की अवधि के लिए दो लाख रूपये दिए जाएंगे।
3. एन.सी.ई.आर.टी ने छात्रों को डिजिटल सुरक्षा की जानकारी प्रदान करने के लिए किस इंटरनेट कंपनी के साथ करार किया है___**गूगल।**

   **नोट:**

   - राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी) ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में 'डिजिटल नागरिकता और सुरक्षा' पाठ्यक्रम को एकीकृत करने के लिए गूगल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
   - अप्रैल, 2018 में अगले शैक्षणिक सत्र से पूरे देश में 1.4 मिलियन से अधिक स्कूलों में एकीकृत पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।
   - इस पाठ्यक्रम के चार विषय (being smart, being safe, being a digital citizen and being future ready) हैं।
4. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी) ने ग्रासरूट इंफॉर्मेटिक्स- VIVID 2018 पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय बैठक कहां आयोजित की_**नईं दिल्ली।**

   **नोट:**

   - VIVID 2018 का विषय 'साइबर सुरक्षा और अभिनव' (Cyber Security and Innovation) है।
5. भारत के सबसे प्रसिद्ध कप्तान सौरव गांगुली द्वारा जारी उनकी आत्मकथा के पहले संस्करण का शीर्षक____**"ए सेंचुरी इज़ नॉट इनफ"।**

   **नोट:**

   - इस पुस्तक के सह-लेखक गौतम भट्टाचार्य और प्रकाशक जगरनट बुक्स हैं।
   - पुस्तक की सामग्री में गांगुली के कैरियर के उतार-चढ़ावों को दर्शाया गया है।
6. पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, जनवरी, 2018 में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या__ **10.66 लाख।**

   **नोट:**

   - पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या बांग्लादेश (16.36%) से, उसके बाद अमेरिका (14.10%), ब्रिटेन (10.81%), कनाडा (4.63%) और रूसी संघ (4.4 9%) से थी।

gradeup

- मंत्रालय राष्ट्रीयता और बंदरगाह के आधार पर ई-टूरिस्ट वीजा पर आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या का मासिक रुप से आकलन करता है।

7. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में किस पंचायत की मेजबानी की___ **एल.पी.जी पंचायत।**

**नोट:**

- पंचायत का उद्देश्य एल.पी.जी उपभोक्ताओं को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए मंच प्रदान करना है।
- प्रत्येक एल.पी.जी पंचायत में लगभग 100 एल.पी.जी ग्राहक एल.पी.जी के सुरक्षित और टिकाऊ उपयोग तथा इसके लाभ के बारे में चर्चा करते हैं, और खाना पकाने एवं महिला सशक्तिकरण के लिए स्वच्छ ईंधन के बीच संपर्क स्थापित करते हैं।

8. हाल ही में, केंद्रीय गृह मंत्री 'राजनाथ सिंह' द्वारा जारी पुस्तक का शीर्षक__ **मेरे सपनों का भारत।**

**नोट:**

- यह नईं दिल्ली के एक समारोह में तरुण विजय (पूर्व सांसद) द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साक्षात्कार का संकलन है।

9. केंद्रीय राज्य मंत्री श्री आर.के. सिंह द्वारा प्रारंभ की गई एक वेब आधारित निगरानी प्रणाली और एक फ्लाई ऐश मोबाइल एप्लिकेशन__ **ऐश ट्रैक (ASH TRACK)।**

**नोट:**

- ये प्लेटफार्म फ्लाई ऐश उत्पादकों और राख उपयोगकर्ताओं जैसे कि सड़क ठेकेदार, सीमेंट प्लांट आदि के बीच एक माध्यम प्रदान करके थर्मल पावर प्लांटों द्वारा उत्पादित राख के बेहतर प्रबंधन को सक्षम करेगा।

10. नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में जारी एक व्यापक रिपोर्ट __ **स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत।**

**नोट:**

- यह रिपोर्ट केंद्रशासित प्रदेशों सहित सभी राज्यों में स्वास्थ्य प्रणालियों का राष्ट्रव्यापी विश्लेषण करने वाली अपनी तरह की पहली रिपोर्ट है।
- संपूर्ण प्रदर्शन के संदर्भ में केरल, पंजाब और तमिलनाडु बड़े राज्यों के बीच शीर्ष स्थान पर रहे हैं।
- झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर और उत्तर प्रदेश वार्षिक वृद्धिशील प्रदर्शन के मामले में शीर्ष तीन राज्य हैं।

11. केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने किस हाट के छठे संस्करण का उद्घाटन किया___ **हुनरहाट।**

**नोट:**

- यह 'हाट' अल्पसंख्यक समुदायों के कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने, बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी प्रदान करेगा।
- इस कार्यक्रम के चालू संस्करण में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सैकड़ों कारीगर भाग ले रहे हैं।
- मशहूर कलाकारों द्वारा प्रदर्शित ग़ज़ल, कव्वाली और अन्य संगीत कार्यक्रमों का भी दैनिक रुप से आयोजन किया जाएगा।

12. नेशनल माइक्रो ड्रामा फेस्टिवल-2018 के दूसरे संस्करण की मेजबानी करने वाला शहर__ **नईं दिल्ली।**

## राज्य समाचार

1. किस राज्य सरकार ने ऐप आधारित नदी टैक्सी सेवाओं की एक पायलट परियोजना हेतु टैक्सी कंपनी ओला के साथ एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए हैं __ **असम।**

   **नोट:**
   - असम सरकार ने गुवाहाटी में ऐप आधारित नदी टैक्सी सेवाओं के एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए कैब कंपनी ओला के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
   - नदी टैक्सी एक मशीन संचालित नाव होगी, जो पारंपरिक विकल्पों की तुलना में तेज और सुरक्षित यात्रा का माध्यम है।

2. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राज्य के किस जिले में रोडोडेंड्रन पार्क के लिए आधारशिला रखी___ **तवांग जिले।**

   **नोट:**
   - रोडोडेंड्रन पार्क 1.15 हेक्टेयर के क्षेत्र में बनाया जाएगा और आंशिक रूप से सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बी.ए.डी.पी) के तहत वित्तपोषित होगा।
   - पार्क में रोडोडेंड्रन की लगभग 30 प्रजातियां लगाई जाएंगी और संरक्षित की जाएंगी।
   - पार्क में आधुनिक नर्सरी, रोडोडेंड्रन का जानकारी केंद्र, आराम करने वाले शेड, वाहन की पार्किंग सुविधा, सार्वजनिक शौचालय सुविधा, साइनेज और लाइटिंग और लोहे के सुरक्षा गेट भी लगाए जाएंगे।

3. ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड (TWB) का गठन करने वाला पहला भारतीय राज्य__ **महाराष्ट्र।**

   **नोट:**
   - महाराष्ट्र सरकार एक महीने के अंदर टी.डब्ल्यू.बी का निर्माण करेगी और ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगी।
   - ट्रांसजेंडर बोर्ड शिक्षा, रोजगार, आवास और स्वास्थ्य योजना जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर के कल्याण के लिए काम करेगा।

4. मतदाताओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए किस राज्य चुनाव विभाग ने मोबाइल डेमोक्रेसी वैन तैनात की है_ **मेघालय।**

   **नोट:**
   - विशेष रूप से डिजाइन की गई वैन सभी 3 क्षेत्रों (गारो, खासी और जयंतिया पहाड़ी) में तैनात की गई है, जिनमें मुख्यत: ई.वी.एम और वी.वी.पी.ए.टी सहित मतदाता शिक्षा सामग्री भरी हुई है।
   - पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को 27 फरवरी के दिन मतदान बूथ पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

5. केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने बोली जाने वाली संस्कृत के पहले केंद्र का उद्घाटन कहां किया__ **गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद।**

   **नोट:**
   - यह केंद्र लोगों को संस्कृत भाषा बोलने के लिए छह महीने के पाठ्यक्रम की पेशकश करेगा।
   - इससे पहले दसवीं कक्षा में लगभग आठ लाख छात्रों ने संस्कृत को एक भाषा के रूप में चुना था, लेकिन हाल ही में दसवीं कक्षा में केवल 1.5 लाख छात्रों ने संस्कृत भाषा को विकल्प के रूप में चुना है।

## महत्वपूर्ण समाचार – विश्व

1. 6वीं वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट (डब्ल्यू.जी.एस -2018) की मेजबानी करने वाला शहर_____ **दुबई।**

   **नोट:**
   - यह शिखर सम्मेलन सरकारी अधिकारियों, नीति निर्माताओं और निजी क्षेत्र के नेताओं के बीच एक ज्ञान के आदान-प्रदान केंद्र के रूप में कार्य करता है, और भविष्य के रुझान, मुद्दों और मानवता का सामना करने के अवसरों के लिए एक विश्लेषण मंच प्रदान करता है।

2. भारत और रूस ने कृषि के क्षेत्र में 70 वर्षों के द्विपक्षीय संबंधों का जश्न कहां मनाया___ **सूरतगढ़, राजस्थान।**

**नोट:**

- वर्ष 1956 में, पूर्व सोवियत संघ की सहायता से सूरतगढ़ में सेंट्रल स्टेट फार्म (सी.एस.एफ) की स्थापना की गई थी।
- रूसी वैज्ञानिकों ने थार के मरुस्थल में कृषि की नींव बिछाने में सहायता की थी, जिससे पंजाब के सीमांत क्षेत्रों सहित निकटवर्ती क्षेत्रों में कृषि में बदलाव आए।

3. समलैंगिक विवाह को खत्म करने वाला दुनिया का पहला देश_____**बरमूडा।**

**नोट:**

- यह सामाजिक रूढिवादी द्वीप पर समलैंगिक विवाह के विरोध को संतुलित करने की दिशा में एक कदम है, जबकि यूरोपीय अदालत के फैसलों का पालन करते हुए क्षेत्र में समलैंगिक जोड़ों को पहचान और संरक्षण सुनिश्चित किया गया है।

4. ढ़ाका में भ्रष्टाचार के मामले में बांग्लादेश की किस पूर्व प्रधानमंत्री को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई ___ **बेगम खालिदा जिया**।

**नोट:**

- उसी मामले में उनके पुत्र तारिक रहमान और चार अन्य को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है।
- बांग्लादेशी राजनीतिज्ञ बेगम खालिदा जिया वर्ष 1991 से 1996 और फिर वर्ष 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं थीं।

5. भारत और ओमान ने रक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्रों में कितने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं____ **आठ।**

**नोट:**

- भारत और ओमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खाड़ी देशों की यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों (रक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन) में आठ समझौता ज्ञापनों (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- ओमान, पश्चिमी एशिया में अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट पर स्थित एक अरब देश है।

## श्रद्धांजलियां

1. उडिया साहित्य के किस अगुआ का भुवनेश्वर में निधन हो गया__ **चंद्रशेखर रथ।**

**नोट:**

- रथ को साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार, ओडिशा साहित्य अकादमी पुरस्कार और अतीबड़ी जगन्नाथ दास सम्मान सहित कई पुरस्कार प्रदान किए गए थे।
- रथ को इस वर्ष प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार के लिए नामित किया गया था।

2. आइसलैंड के किस सुप्रसिद्ध संगीतकार और ऑस्कर नामित प्रणेता का निधन हो गया_ **जोहान जोहान्सन।**

**नोट:**

- उन्हें वर्ष 2014 में उनकी 'थ्योरी ऑफ एवरीथिंग' रचना के लिए बाफ्टा, ग्रैमी, और ऑस्कर पुरस्कारों के लिए नामित किया गया था।
- उन्होंने निर्देशक डेनिस विलनेयूवे के साथ 'प्रिजनर (Prisoner)' 'सीकैरियो (Sicario)' और 'अराइवल (Arrival)' जैसी फिल्मों पर जारी कार्यों के साथ फिल्म निर्माण में एक सफल कैरियर भी आरंभ किया।

## खेल समाचार

1. एक दिवसीय मैचों में 200 विकेट लेने वाली विश्व की पहली महिला क्रिकेटर___ **झूलन गोस्वामी**।

**नोट:**

- कैथ्रीन फिट्ज़पैट्रिक (ऑस्ट्रेलिया) 180 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर और उनके बाद उनकी हमवतन लीज़ा स्टालेकर 146 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं।
- गोस्वामी ने केवल 166 एकदिवसीय मैचों में 3.23 के औसत के साथ 200 विकेट हासिल किए हैं।

2. सप्ताह भर चले खेलो इंडिया स्कूल गेम्स का नई दिल्ली में समापन हुआ, पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर कौन सा राज्य रहा__ **हरियाणा।**

**नोट:**

- खेल मंत्री, कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने शीर्ष राज्य हरियाणा को शानदार चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की।
- हरियाणा राज्य ने 38 स्वर्ण और 26 रजत पदक सहित कुल 102 पदक जीते।
- खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, खेलो इंडिया कार्यक्रम का एक हिस्सा थे जिसे खेल मंत्रालय ने देश में खेल संस्कृति को जमीनी स्तर पर पुनर्जीवित करने और भारत को एक खेल राष्ट्र बनाने के लिए प्रारंभ किया है।

3. न्यूजीलैंड के उत्तर और दक्षिण द्वीपों के बीच कुक स्ट्रेट में तैरने वाले भारत के प्रथम एशियाई तैराक और सबसे कम उम्र के युवा __**रोहन मोरे**।

**नोट:**

- उन्होंने 8 घंटे एवं 37 मिनट में यह दूरी तय की।
- इस उपलब्धि के साथ, रोहन कुक स्ट्रेट में तैरने वाले दुनिया के नौवें व्यक्ति भी बन गए।

4. आठवें वरिष्ठ राष्ट्रीय महिला हॉकी चैम्पियनशिप का खिताब किसने प्राप्त किया__ **रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आर.एस.पी.बी)।**

**नोट:**

- फाइनल में, उन्होंने मध्य प्रदेश को 4-0 से हराकर पूरे खेल में बिना हारे टूर्नामेंट में जीत हासिल की।
- हरियाणा ने मेजबान टीम झारखंड को 2-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।

5. मुंबई में राष्ट्रीय दृष्टिबाधित 'A' शतरंज चैंपियनशिप का 13वां संस्करण किसने जीता___ **किशन गांगोली।**

**नोट:**

- 13वें दौर के समापन पर, गांगोली 10.5 अंक के साथ लगातार पांचवी बार चैंपियन बनें।
- अश्विन मकवाना (गुजरात) 9.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर जबकि सौंदर्य कुमार प्रधान (ओडिशा) 9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- चैंपियनशिप का आयोजन 'अखिल भारतीय दृष्टिबाधित शतरंज महासंघ' (All India Chess Federation for the Blind (AICFB)) द्वारा किया गया था।

**----------0----------**


gradeup

gradeup

# बैंकिंग और एसएससी ऑनलाइन मॉक टेस्ट सीरीज

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी एवं अंग्रेजी में उपलब्ध
- आल इण्डिया रैंक और परीक्षा विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत हल
- वेब और मोबाइल दोनों पर दिया जा सकता है

ANDROID APP ON Google play




www.gradeup.co